**प्रादेशिक समाचार**
**दिनांक–27.09.2025 (संध्या–1900 बजे)**

**मुख्य समाचार**

1. **प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल सवेरे ग्यारह बजे आकाशवाणी पर मन–की–बात कार्यक्रम के माध्यम से देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार करेंगे साझा।**
2. **झारखंड उच्च न्यायालय ने मिड डे मील घोटाले के आरोपी संजय कुमार तिवारी को बेल देने से किया इनकार, जमानत याचिक खारिज।**
3. **लातेहार में पुलिस को बड़ी सफलता, छह अपराधी लेवी की रकम और हथियार के साथ गिरफ्तार, रांची से ब्राउन शुगर के साथ तीन तस्कर पकड़ाये।**
4. **विश्व पर्यटन दिवस पर राज्यभर में कई कार्यकमों का आयोजन, रांची में पैनल डिस्कशन, लाइव कुकरी शो, पेंटिंग और क्विज प्रतियोगिता का आयोजन।**

**और**

5. **दुर्गोत्सव को लेकर राज्यभर में उत्साह, राजधानी में सुरक्षा के मद्देनजर केन्द्रीय अर्धसैनिक बलों की दो कंपनी के अलावा पांच हजार से अधिक जवान तैनात।**

*******************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल सवेरे ग्यारह बजे आकाशवाणी पर मन–की–बात कार्यक्रम की एक सौ छब्बीसवीं कड़ी के माध्यम से देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार की वेबसाइट और न्यूज़ ऑन एआईआर मोबाइल ऐप पर प्रसारित किया जाएगा।

*******************

भारतीय जनता पार्टी की ओर से 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इसी के तहत आज रांची में विशिष्ट जन सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें रक्षा राज्य मंत्री और रांची के सांसद संजय सेठ भी मौजूद रहे। इस दौरान उन्होंने विशिष्ट जनों को सम्मानित किया और कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश आत्मनिर्भर बन रहा है।

*******************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा घोषित जीएसटी बचत उत्सव, जो इस महीने की 22 तारीख को शुरू हुआ, समाज के सभी वर्गों को लाभान्वित कर रहा है।

*******************

पलामू के सांसद विष्णुदयाल राम ने कहा है कि जीएसटी की दरों में की गयी कटौती आम जनता और गरीबों के लिए केन्द्र सरकार का बड़ा उपहार है। सांसद ने गढ़वा में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि इसका लाभ समाज के आखिरी व्यक्ति तक पहुंच रहा है।

*******************

झारखंड उच्च न्यायालय ने करीब सौ करोड़ रूपये के मिड डे मील घोटाले के आरोपी संजय कुमार तिवारी की जमानत याचिका खारिज कर दी है। हाईकोर्ट के न्यायाधीश रंगन मुखोपाध्याय की अदालत ने आज फैसला सुनाते हुए श्री तिवारी को राहत देने से इनकार कर दिया।

गौरतलब है कि इस मामले में संजय कुमार तिवारी, अजय उरांव और राजू वर्मा के खिलाफ पूर्व में ईडी के विशेष अदालत में आरोप गठित किया जा चुका है।

*******************

लातेहार जिले के बरियातु थाना क्षेत्र से छह अपराधियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जिले के पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव ने बताया कि ये अपराधी मनातू रेलवे स्टेशन जंगल में किसी घटना को अंजाम देने की फिराक में थे। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार अपराधियों के पास से लेवी के अट्ठाईस हजार पांच सौ रूपये नकद, एक पिस्टल, एक देशी कट्टा, पांच गोली और चार मोबाइल बरामद किये गये हैं।

*******************

रांची पुलिस ने मादक पदार्थों की तस्करी में शामिल तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। रांची के नगर पुलिस अधीक्षक पारस राणा ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों के पास से करीब तीस ग्राम ब्राउन शुगर, पच्चीस सौ रूपये नगद, एक दोपहिया वाहन और वजन करने की मशीन समेत अन्य सामान बरामद किये गये हैं।

*******************

धनबाद जिले के मुनीडीह क्षेत्र में आउटसोर्सिंग कंपनी के एसोसिएट वाइस प्रेसिडेंट गोपाल रेड्डी पर एक अपराधी ने गोलीबारी की और फरार हो गया। गोलीबारी की घटना में श्री रेड्डी को एक गोली लगने से वे घायल हो गये। उनका धनबाद के एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। गोलीबारी की इस घटना से इलाके में दहशत फैल गई। घटना की सूचना मिलते ही मुनीडीह ओपी और पुटकी थाना पुलिस मामले की गहन जांच में जुटी है।

*******************

बोकारो जिले में सरकारी और निजी विद्यालयों में योग की शिक्षा अनिवार्य किया जाएगा। इसे लेकर कार्य योजना तैयार की जा रही है।

*******************

विश्व पर्यटन दिवस पर आज झारखंड समेत देश दुनिया में कई कार्यक्रम आयोजित किये गये। इस वर्ष का विषय है पर्यटन और सतत परिवर्तन। पर्यटन निदेशालय की ओर से रांची के आड्रे हाउस में भी विश्व पर्यटन दिवस पर पैनल डिस्कशन, लाइव कुकरी शो, पेंटिंग और क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

*******************

झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय की ओर से आयोजित हिंदी पखवाड़ा का आज समापन हो गया। इस दौरान हिंदी भाषा के प्रचार–प्रसार और संवर्धन के लिए उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों और विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। इस मौके पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर क्षिति भूषण दास ने हिंदी भाषा की बढ़ती महत्ता और इसके राष्ट्रीय एकता में योगदान की सराहना की।

*******************

राजधानी रांची समेत राज्यभर में दुर्गा पूजा को लेकर उल्लास का माहौल है। हर ओर माता रानी के जयकारे से गुंजायमान हैं। रांची में कई पूजा पंडालों के पट खोल दिये गये हैं। देवी दुर्गा के दर्शन करने के लिए पूजा पंडालों में श्रद्धालुओं का तांता लगा हुआ है।

***********************

दुर्गा पूजा के दौरान राजधानी रांची समेत राज्यभर में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन सतर्क है। इस सिलसिले में रांची जोन के आईजी मनोज कौशिक ने समीक्षा बैठक की। बैठक के बाद आईजी ने बताया कि संवेदनशील इलाकों में अतिरिक्त पुलिस बलों की तैनाती की जाएगी। साथ ही ड्रोन और सीसीटीवी से निगरानी की जाएगी। उन्होंने बताया कि सुरक्षा के मद्देनजर दो कंपनी केंद्रीय अर्धसैनिक बलों के अलावा पांच हजार से अधिक पुलिस बलों की तैनाती की गई है।

***********************

राज्य में मॉनसून फिलहाल सक्रिय है और तीन अक्टूबर तक हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश का पूर्वानुमान है। मौसम विज्ञान केंद्र के मुताबिक दो और तीन अक्टूबर को कुछ स्थानों पर भारी बारिश हो सकती है। वहीं एक अक्टूबर तक राज्य के कई इलाकों में आंधी और वज्रपात की भी आशंका है, जिसे लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है।

********समाप्त**********